# वार्षिक प्रतिवेदन

**चतुर्थ पारितोषिक सम्मान समारोह**

**सत्र 2022-23**

**दिनांक : 30 मार्च 2023**

**माननीय मुख्यातिथि**

**श्री आशुतोष गर्ग**

**( भारतीय प्रशासनिक सेवा )**

**उपायुक्त, जिला कुल्लू ,हिमाचल प्रदेश**

**प्रस्तुति**

**प्रो० राजेश कुमार सिंह**

**प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय सैंज**

**जिला कुल्लू (हि0 प्र0) 175134**

# वार्षिक प्रतिवेदन

## राजकीय महाविद्यालय सैंज, जिला कुल्लू

**सत्र 2022-23**

देवभूमि जिला कुल्लू के इनर सराज की रमणीय,आकर्षक,दर्शनीय घाटियों में से सैंज घाटी का अपना विशेष स्थान है | जहां एक ओर विश्व धरोहर ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क के प्राकृतिक सौन्दर्य से ये घाटी विश्व मानचित्र पर अपनी जगह बनाती है वहीं दूसरी ओर शांघड़ ,देउरी , भाटकंडा ,दरोगीसार जैसे पर्यटन स्थल पर्यटकों को स्वतः ही अपनी ओर आकर्षित करते हैं| विद्युत नगरी सैंज में चल रही अनेक जल विद्युत परियोजनाओं के माध्यम से यहाँ रोजगार सृजन हुआ है और आम व्यक्ति का जीवन स्तर ऊंचा हुआ है | समय के साथ सैंज घाटी निरंतर विकास की ओर अग्रसर है और इसी विकास की कड़ी में 26 मार्च 2016 को राजकीय महाविद्यालय सैंज की स्थापना हुई , जो इस घाटी का प्रथम उच्च शिक्षण संस्थान है वर्तमान में महाविद्यालय को आरंभ हुए 7 वर्ष का समय हो गया है और इस दौरान महाविद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाई है इस महाविद्यालय से अब तक 263 विद्यार्थियों ने कला व वाणिज्य संकाय में स्नातक की उपाधि प्राप्त की है, वे सभी बधाई के पात्र हैं|

महोदय, महाविद्यालय की अब तक की विकास यात्रा में आपका सहयोग सदैव रहा है | हमें आशा है कि आगे भी रहेगा जिससे कि महाविद्यालय दिन दुगुनी रात चौगुनी उन्नति के पथ पर अग्रसर रहेगा |

वर्तमान में महाविद्यालय में कला और वाणिज्य संकाय की कक्षाएं चल रही हैं।

वर्तमान सत्र में महाविद्यालय में विद्यार्थियों की कुल संख्या **260** है। जिसमे लड़कों की संख्या 111 और लड़कियों की संख्या 149 है।

यह बहुत गर्व की बात है कि महाविद्यालय में छात्राओं की संख्या छात्रों से बहुत अधिक है|

**सत्र 2022-23 के दौरान छात्रों का की संख्या का विस्तृत विवरण इस प्रकार से है –**

| **संकाय** | **सत्र** | | | | **सामान्य वर्ग** | | | **अनुसूचित जाति** | | | **अनुसूचित जनजाति** | | | **अन्य पिछड़ा वर्ग** | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **2022-23** | **छात्र** | **छात्राएं** | **कुल** | **छात्र** | **छात्राएं** | **कुल** | **छात्र** | **छात्राएं** | **कुल** | **छात्र** | **छात्राएं** | **कुल** | **छात्र** | **छात्राएं** | **कुल** |
| **कला** | **बी0 ए0 प्रथम वर्ष** | 50 | 50 | 100 | 38 | 36 | 74 | 12 | 14 | 26 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| **वाणिज्य** | **बी0 कॉम प्रथम वर्ष** | 3 | 1 | 4 | 2 | 1 | 3 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | कुल | **53** | **51** | **104** | **40** | **37** | **77** | **13** | **0** | **27** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** |
| | | | | | | | | | | | | | | | | |
| **संकाय** | **सत्र** | | | | **सामान्य वर्ग** | | | **अनुसूचित जाति** | | | **अनुसूचित जनजाति** | | | **अन्य पिछड़ा वर्ग** | | |
| | **2022-23** | **छात्र** | **छात्राएं** | **कुल** | **छात्र** | **छात्राएं** | **कुल** | **छात्र** | **छात्राएं** | **कुल** | **छात्र** | **छात्राएं** | **कुल** | **छात्र** | **छात्राएं** | **कुल** |

| | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कला | बी0 ए0 द्वितीय वर्ष | 27 | 52 | 79 | 18 | 36 | 54 | 9 | 15 | 24 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| वाणिज्य | बी0 कॉम द्वितीय वर्ष | 2 | 3 | 5 | 2 | 1 | 3 | 0 | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | कुल | **29** | **55** | **84** | **20** | **37** | **57** | **9** | **17** | **26** | **0** | **1** | **1** | **0** | **0** | **0** |
| | | | | | | | | | | | | | | | | |
| संकाय | सत्र | | | | सामान्य वर्ग | | | अनुसूचित जाति | | | अनुसूचित जनजाति | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | |
| | 2022-23 | छात्र | छात्राएं | कुल | छात्र | छात्राएं | कुल | छात्र | छात्राएं | कुल | छात्र | छात्राएं | कुल | छात्र | छात्राएं | कुल |
| कला | बी0 ए0 तृतीय वर्ष | 26 | 38 | 64 | 21 | 26 | 47 | 4 | 12 | 16 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| वाणिज्य | बी0 कॉम तृतीय वर्ष | 3 | 5 | 8 | 3 | 5 | 8 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | कुल | **29** | **43** | **72** | **24** | **27** | **55** | **4** | **12** | **16** | **1** | **0** | **1** | **0** | **0** | **0** |

## वार्षिक परीक्षा परिणाम

एक शिक्षण संस्थान को अपनी पहचान बनाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण पहलू उसका वार्षिक परिणाम होता है | ये बड़े हर्ष की बात है कि महाविद्यालय का परिणाम सराहनीय है

### विषयवार परिणाम तालिका :- प्रथम वर्ष

| **क्रमांक** | **विषय** | **कुल छात्र** | **उत्तीर्ण छात्र** | **महाविद्यालय प्रतिशतता** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंग्रेजी | 1 | 1 | 100% |
| 2 | अर्थशास्त्र | 2 | 1 | 50% |
| 3 | इतिहास | 52 | 38 | 73% |
| 4 | राजनीति विज्ञान | 54 | 52 | 96% |
| 5 | संगीत | 4 | 3 | 75% |
| 6 | समाजशास्त्र | 20 | 20 | 100% |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 7 | हिन्दी | 22 | 21 | 95% |
| 8 | वाणिज्य | 5 | 3 | 60% |

**विषयवार परिणाम तालिका :- द्वितीय वर्ष**

| **क्रमांक** | **विषय** | **कुल छात्र** | **उत्तीर्ण छात्र** | **महाविद्यालय प्रतिशतता** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंग्रेजी | 7 | 7 | 100% |
| 2 | अर्थशास्त्र | 3 | 2 | 66% |
| 3 | इतिहास | 50 | 48 | 96% |
| 4 | राजनीति विज्ञान | 45 | 44 | 97% |
| 5 | संगीत | 4 | 3 | 75% |
| 6 | समाजशास्त्र | 2 | 2 | 100% |
| 7 | हिन्दी | 22 | 21 | 95% |
| 8 | वाणिज्य | 7 | 7 | 100% |

**विषयवार परिणाम तालिका :- तृतीय वर्ष**

| **क्रमांक** | **विषय** | **कुल छात्र** | **उत्तीर्ण छात्र** | **महाविद्यालय प्रतिशतता** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंग्रेजी | 7 | 7 | 100% |
| 2 | अर्थशास्त्र | 4 | 3 | 75% |
| 3 | इतिहास | 60 | 60 | 100% |
| 4 | राजनीति विज्ञान | 51 | 51 | 100 % |
| 5 | संगीत | 13 | 13 | 100% |
| 6 | हिन्दी | 49 | 47 | 96% |
| **7** | वाणिज्य | 9 | 9 | 100% |

**नियुक्तियाँ एवं रिक्तियां**

महोदय वर्तमान में महाविद्यालय में शिक्षक वर्ग में 9 अध्यापक और गैर शिक्षक वर्ग में 7 कर्मचारी कार्यरत है |जहां तक रिक्तियों का प्रश्न है लाइब्रेरियन ,कार्यालय वरिष्ठ सहायक और लिपिक के पद रिक्त पड़े हैं |

**आगमन**

सत्र 2022-23 में शिक्षक वर्ग में सहायक प्रो0 प्रदीप (अर्थशास्त्र ), सहायक प्रो0 सुरेश (समाजशास्त्र), सहायक प्रो0 डॉ कविता कटोच(संगीत) तथा गैर शिक्षक वर्ग में श्री हीरा चंद (सेवादार) महाविद्यालय परिवार में सम्मिलित हुए हैं |

**स्थानांतरण**

सत्र 2022-23 के दौरान महाविद्यालय में शिक्षक वर्ग से सहायक प्रो0 डॉ शशि शर्मा (अर्थशास्त्र) ,सहायक प्रो0 रामानंद(समाजशास्त्र), सहायक प्रो0 भूपेन्द्र शर्मा (संगीत) स्थानांतरित होकर विभिन्न महाविद्यालयों में गए हैं तथा गैर शिक्षक वर्ग में श्री रमेश शर्मा (सेवादार) तथा श्रीमती कोयला देवी (सेवादार) स्थानांतरित हुए हैं |

**छात्रवृतियां**

सत्र **2022-23** के अंतर्गत अलग अलग योजनाओं के द्वारा विभिन्न वर्गों के विधार्थियों को छात्रवृतियां प्रदान की गई। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग व आई० आर० डी० पी० के छात्र व छात्राओं को छात्रवृति धनराशि डायरेक्ट ट्रांसफर स्कीम के तहत उनके बैंक खातों में जमा की जा रही है। इसके तहत पात्र विद्यार्थी (@ 10,000 per annum) नेशनल स्कालरशिप पोर्टल के अंतर्गत लाभ उठा रहे हैं।

**वार्षिक पत्रिका** – महाविद्यालय में विद्यार्थियों की व्यक्तिगत प्रतिभा को निखारने हेतु वार्षिक पत्रिका "तपोधरा " का प्रकाशन किया जाता है | महाविद्यालय की शैक्षिकणिक गतिविधियों के साथ विद्यार्थियों में सृजनात्मकता के विकास में महाविद्यालय की पत्रिका की अहम भूमिका रहती है जिसमे वे अपनी कविताओं व लेखों के माध्यम से अपने विचारों को अभिव्यक्त करते हैं |

**पुस्तकालय**

महाविद्यालय के पुस्तकालय में भिन्न भिन्न विषयों की अनेक पुस्तकें उपलब्ध हैं और महाविद्यालय में पढ़ाए जाने वाले सभी विषयों से संबंधित (Reference Books) संदर्भ पुस्तकें उपलब्ध हैं जिनका सदुपयोग प्राध्यापक वर्ग व विद्यार्थी दोनों मिकलर करते हैं | इसके साथ ही पुस्तकालय में योजना, कुरुक्षेत्र और प्रतियोगिता दर्पण आदि पत्रिकाएं उपलब्ध हैं और दैनिक हिन्दी समाचार पत्र अमर उजाला, दिव्य हिमाचल एवं अंग्रेजी में इंडियन एक्स्प्रेस नियमित रूप से आते हैं |

**अभिभावक-अध्यापक संघ (PTA)**

अध्यापकों छात्रों और अभिभावकों बीच संवाद कायम रखने के उदेश्य से महाविद्यालय के उदेश्य से महाविद्यालय में पी० टी० ए० का गठन किया जाता है संघ न केवल महाविद्यालय प्रशासन के साथ विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों में सहयोग करता है बल्कि

अपने बहुमूल्य सुझावों द्वारा एक शैक्षिक वातावरण का निर्माण भी करता है सत्र 2022-23 के लिए गठित संघ का विवरण इस प्रकार है –

| क्रम संख्या | **पद** | नाम |
|---|---|---|
| 1 | प्रधान | श्री ज्ञान चंद |
| 2 | उपप्रधान | श्रीमती निर्मला देवी |
| 3 | सचिव | प्रो0 कविता कटोच |
| 4 | सहसचिव | श्री बिहारी लाल |
| 5 | कोषाध्यक्ष | श्री झावे राम |
| 6 | सदस्य अध्यापक वर्ग | प्रो0 गोविंद राम सेनी, प्रो0 अंजली , प्रो0 प्रदीप |
| 7 | मुख्य सलाहकार | श्री जीवन लाल |
| 8 | तकनीकी सलाहकार | श्री जगत राम |
| 9 | सदस्य अभिभावक वर्ग | श्री रामलाल शर्मा , श्री हरी सिंह , श्रीमती मणि देवी |

**सत्र 2022-23 के दौरान महाविद्यालय में हुई विभिन्न गतिविधियों का विवरण इस प्रकार से है:-**

**जिला स्तरीय कौशल कार्यशाला**

7 जून 2022 को हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कौशल कार्यशाला में महाविद्यालय की वाणिज्य संकाय की दो छात्राओं ने प्रो० अंजली के साथ भाग लिया जिसका ध्येय वाक्य " हुनर है तो अवसर है" था इस कार्यशाला में सभी विद्यालय व महाविद्यालय से आए विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने तथा उन्हें रोजगार से जोड़ने हेतु विशेषज्ञों द्वारा उनका मार्गदर्शन किया गया |

**हिन्दी दिवस**

14 सितंबर 2022 को राजकीय महाविद्यालय सैंज में हिन्दी दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया | राजभाषा हिन्दी के प्रति आदर और सम्मान की भावना दर्शाने हेतु तथा इसके प्रचार प्रसार के लिए इस दिन अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिनका प्रमुख लक्ष्य सभी को हिन्दी भाषा के प्रयोग के लिए प्रेरित करना था | विद्यार्थियों ने भाषण, नारा लेखन , कविता पाठ , निबंध लेखन आदि प्रतियोगिताओं द्वारा हिन्दी भाषा की श्रेष्ठता को प्रकट किया |

**चित्रकला प्रतियोगिता**

19 अक्तूबर 2022 को महाविद्यालय में एनएचपीसी सैंज के सौजन्य से एक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसका विषय था –"भ्रष्टाचार मुक्त भारत -विकसित भारत"| इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के लगभग 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा अपनी चित्रकला द्वारा भ्रष्टाचार मुक्त भारत को प्रदर्शित किया |

**नशा मुक्त भारत अभियान**

18 नवंबर 2022 को महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य छात्रों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करना था |इस कार्यक्रम में भाषण, निबंध व चित्रकला प्रतियोगिताएं करवाई गयी इस कार्यक्रम का विषय 'मादक द्रव्यों का सेवन एक बीमारी या विकल्प'था |

**केन्द्रीय छात्र संघ (CSCA) सम्मान समारोह**

25 नवंबर 2022 को महाविद्यालय में केन्द्रीय छात्र संघ की नवकार्यकारिणी का गठन किया गया | इस कार्यकारिणी का गठन हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के दिशा निर्देशों के अनुसार पूर्णतः मेरिट आधार पर किया गया | इस कार्यकारिणी में अध्यक्ष निखिल , उपाध्यक्ष ज्योति , सचिव गोविंद राणा तथा सहसचिव चंद्रा ,विभिन्न कक्षाओं के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न क्लबस एवं सोसायटी के मनोनीत सदस्यों के साथ कुल 20 विद्यार्थियों ने अपने पद की शपथ ली | इन सभी प्रतिनिधियों को प्राचार्य महोदय व सभी स्टाफ सदस्यों की उपस्थिति में सम्मानित किया गया |

**खेलकूद प्रतियोगिता**

छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ खेल कूद भी अनिवार्य है इसी उद्देश्य से महाविद्यालय में 25 और 26 नवंबर को दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | जिसमें क्रिकेट , वॉलीबाल , कबड्डी , बैडमिंटन तथा एथलेटिक्स खेलों का आयोजन किया गया जिसमें बहुत अधिक संख्या में छात्र छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया |

**हिमाचल विधान सभा चुनाव 2022 मतदान सर्वेक्षण**

महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के 13 छात्र छात्राओं ने दिल्ली विश्वविद्यालय के Centre for Global Studies द्वारा संचालित हिमाचल विधान सभा चुनाव 2022 के मतदान सर्वेक्षण में भाग लिया | ये मतदान सर्वेक्षण 5 से 10 नवंबर 2022 को किया गया जिसमें सर्वेक्षण में शामिल महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को दिल्ली विश्वविद्यालय के 50 से ज्यादा कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ अपना अनुभव सांझा करने तथा मतदान सर्वेक्षण एवं समाजिक अनुसंधान विधि की बारीकियों को जानने का अवसर मिला | विभागाध्यक्ष प्रो0 आर0 के0 सिंह इस मतदान सर्वेक्षण के समन्वयक थे | आज इन छात्र छात्राओं को भी दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत प्रमाणपत्र दिया जाएगा |

**महाविद्यालय में गठित विभिन्न क्लबों की गतिविधियों का विवरण इस प्रकार से है :-**

**रोड़ सेफ़्टी क्लब**

छात्रों को सड़क सुरक्षा से अवगत कराने के लिए महाविद्यालय में रोड सेफ़्टी क्लब का गठन किया गया है | महाविद्ययाली में इस क्लब के अंतर्गत सड़क सुरक्षा पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए | 16 दिसंबर 2022 को पुलिस विभाग सैंज से ASI श्री चिंत राम जी ने महाविद्यालय के छात्रों को सड़क सुरक्षा , जरूरी सावधानियाँ तथा यातायात नियमों की जानकारी दी | इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने पेंटिंग , स्लोगन राइटिंग , कार्टून मेकिंग , कविता पाठ तथा सैंज बाजार में एक विशेष नुक्कड़ नाटिका व समूह गीत आदि गतिविधियों के माधम से भी सड़क सुरक्षा का संदेश दिया | 27 मार्च को 40 विद्यार्थियों को रोड सेफ़्टी क्लब के अंतर्गत नेचर पार्क में स्थित ट्रेफिक पार्क ले जाया गया जहां उन्हें यातायात के नियमों की जानकारी प्राप्त करने का अवसर प्राप्त हुआ |

**इको क्लब**

महाविद्यालय में गठित इको क्लब इकाई महाविद्यालय के सौंदर्यीकरण के लिए वर्ष भर विभिन्न गतिविधियां करती रहती है

इको क्लब द्वारा महाविद्यालय में 1 सितंबर को स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत छात्रों ने महाविद्यालय के कमरों और परिसर को साफ किया तथा महाविद्यालय के साथ लगते मैदान से कूड़ा उठाया | 14 मार्च को इको क्लब द्वारा महाविद्यालय के सौंदर्यीकरण के लिए क्यारियों में फूलों के पौधे लगाए गए |

**रेड रिबन क्लब**

1 दिसंबर 2022 को महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस मनाया गया | इस अवसर पर एड्स से संबंधित जागरूकता के लिए विद्यार्थियों के मध्य नारा लेखन और भाषण प्रतियोगिताएं कारवाई गई | इस अवसर पर सैंज चिकित्सालय से डॉ वरुण शर्मा मुखतिथि के रूप में उपस्थित थे जिन्होनें अपने व्याख्यान में एड्स के फैलने और रोकथाम के उपाय छात्रों को बताए

**राष्ट्रीय सेवा योजना**

महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई समय-समय पर महाविद्यालय में विभिन्न गतिविधियां आयोजित करती है | जिसमें कुछ मुख्य गतिविधियों का विवरण इस प्रकार से है -

12 अगस्त 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा तिरंगा यात्रा "आजादी के अमृत महोत्सव" के अंतर्गत निकाली गई |

सितंबर 2022 में इकाई द्वारा पोषण माह का आयोजन किया गया जिसमें पोषण से संबंधित विभिन्न जानकारियाँ स्वयंसेवियों को दी गई |

31 अक्टूबर 2022 को राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य पर महाविद्यालय के प्रो० होशियार शर्मा ने सरदार बल्लभ भी पटेल के जीवन दर्शन और उनके द्वारा किए गए विभिन्न कार्यों के ऊपर प्रकाश डाला इस अवसर पर स्वयंसेवियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ भी दिलवाई गई |

26 नवंबर 2022 को संविधान दिवस के विशेष अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य ने संविधान के महत्व से स्वयंसेवियों को अवगत करवाया |

9 मार्च से 15 मार्च महाविद्यालय में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया इस दौरान विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा स्वयंसेवियों का मार्गदर्शन किया गया जिसमें साइबर अपराध, बैंकिंग धोखाधड़ी आदि जानकारी स्वयंसेवियों को दी गई | इसके अतिरिक्त महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई साल भर महाविद्यालय प्रांगण , महाविद्यालय के साथ लगते लक्ष्मीनारायण मैदान परिसर में समय-समय पर स्वच्छता अभियान और पौधा रोपण जैसी गतिविधियों का आयोजन करती रहती है

**रोवर्स एंड रेंजर्स**

महाविद्यालय में रोवर्स एंड रेंजर्स इकाई का गठन किया गया है इसका मुख्य लक्ष्य छात्रों के व्यक्तित्व का विकास करना है रोवर्स रेंजर्स ट्रे निंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर के छात्र छात्राएं अनुशासित होकर सामुदायिक सेवा से जुड़ कर राष्ट्र सेवा में योगदान करते हैं |

**प्राध्यापकों की उपलब्धियाँ :-**

**राजनीति विज्ञान विभाग के प्रो० आर० के० सिंह** ने दिल्ली विश्वविद्यालय के राजधानी कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में आमंत्रित वक्ता के रूप में शामिल हुए जिसका विषय “Rethinking Contemporary Global Concerns: universal Basic Income, Universal Citizenship and Global Justice” तथा जो 28-29 अप्रैल को आयोजित किया गया था | उन्होनें “The Idea of Justice and its Challenges in the Himalayan Regions” नामक विषय पर व्याख्यान दिया इसके अतिरिक्त उन्होनें “Development Issue and Challenges” विषय पर तकनीकी सत्र का संचालन एवं अध्यक्षता की |

**प्रो० सुरेश कुमार** ने रूपी-सिराज कला मंच जिला कुल्लू द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में “लाहुल-स्पीति:संस्कृति रहन-सहन और धर्म” विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया |

**डॉ कविता कटोच** ने रूपी-सिराज कला मंच जिला कुल्लू द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में “लाहुली संस्कृति में लोक गीतों की परंपरा” विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया |

**प्रो० अंजली कुमारी** ने रूपी-सिराज कला मंच जिला कुल्लू द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में “हिमालय का पर्यावरण : चुनौतियाँ और समाधान” विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया |

**डॉक्टर हीरा भगती** ने राजकीय शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला से 2 मई 2022 से 14 मई 2022 तक इन्डक्शन प्रोग्राम में भाग लिया|

**डॉक्टर हीरा भगती** 21 मार्च 2022 से 19 अप्रैल 2022 तक रामानुजम कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्याय द्वारा आयोजित चार सप्ताह के इन्डक्शन /ओरीएन्टेशन प्रोग्राम में भाग लिया तथा उसे सफलतापूर्वक पूरा किया |

**प्रो० अमन सूद** ने 21 मार्च 2022 से 19 अप्रैल 2022 तक रामानुजम कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्याय द्वारा आयोजित चार सप्ताह के इन्डक्शन /ओरीएन्टेशन प्रोग्राम में भाग लिया तथा उसे सफलतापूर्वक पूरा किया |

**प्रो० अमन सूद ने "बोहल शोध मंजूषा"** , हिमाचल प्रदेश विशेषांक पत्रिका में "प्रेमचंद के कथा साहित्य में किसानों की स्थिति'' विषय पर जुलाई 2022 में शोध पत्र प्रकाशित किया |

## धन्यवाद ज्ञापन

मैं समस्त महाविद्यालय परिवार प्राध्यापक वर्ग , कर्मचारी वर्ग , अध्यापक अभिभावक संघ और समस्त छात्र छात्राओं की ओर से माननीय मुख्यातिथि महोदय का आभार प्रकट करता हूँ जिन्होंने व्यस्तताओं के वावजूद हमारे इस वार्षिकोत्सव त्रिवेणी 2023 में पधार कर हम सभी को अनुग्रहित किया |

मैं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सैंज के प्राधानाचार्य,प्राथमिक पाठशाला सैंज के मुख्यध्यापक तथा अन्य अध्यापकों का धन्यवाद करता हूँ जिनके परिसर में हमारा महाविद्यालय चल रहा है

मैं कारदार श्री जगरनाथ का धन्यवाद करता हूँ जिन्होंने हमें मेला भवन में कक्षा संचालन के लिए दो कमरे दिए हैं |

मैं यहाँ उपस्थित सभी पत्रकार बंधुओं का भी धन्यवाद करता हूँ जो समय समय पर महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों को समाचार पत्रों में प्रकाशित करते हैं

अध्यापक अभिभावक संघ के प्रधान एवं समस्त कार्यकारिणी का भी धन्यवाद करता हूँ जिन्होनें महाविद्यालय के विकास कार्य में अपना सहयोग दिया | मैं उन सभी प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को बधाई देता हूँ जिन्हें आज पुरस्कार प्राप्त करने का अवसर मिला है मैं उन विद्यार्थियों को भी बधाई देता हूँ जो इस वर्ष किसी कारण पुरस्कार प्राप्त करने में चूक गए हैं और उनसे अपेक्षा करता हूँ कि वे अगले वर्ष जरूर पुरस्कार प्राप्त करेंगे | अंत में मैं उन सभी का धन्यवाद करता हूँ जिन्होनें प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से इस समारोह को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया है |